दिन– बुधवार दिनांक– 23 / 04 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

गृह मंत्री अमित शाह जम्मू कश्मीर के अनंतनाग जिले के पहलगाम में पर्यटकों के एक समूह पर कल हुए आतंकी हमले की सुरक्षा स्थिति का जायजा लेने के लिए पहलगाम पहुंच गए हैं। श्री शाह बैसरन वन क्षेत्र में घटना स्थल का दौरा करेंगे। श्री शाह के घायलों से मिलने की भी संभावना है। इससे पहले उन्होंने श्रीनगर में आतंकी हमलें में मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इधर, पहलगाम, अनंतनाग और कुलगाम तथा दक्षिण कश्मीर के जिलों में भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है। इस बीच, पहलगाम में पर्यटकों की हत्या के विरोध में कश्मीर घाटी में दिन भर पूर्ण बंद का आह्वान किया गया है।

———————————————————————

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज तीनों सेनाओं के शीर्ष अधिकारियों के साथ कश्मीर घाटी में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। रक्षा सूत्रों ने बताया कि सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी और वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए.पी. सिंह तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर मौजूदा सुरक्षा स्थिति के बारे में श्री सिंह को जानकारी दी।

———————————————————————

प्रदेश के अधिकांश भागों में अत्यधिक गर्मी और लू की स्थिती बनी हुई है। इससे जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक प्रदेश के अधिकतर भागों में हॉट डे की चेतावनी जारी की है। विभाग ने कहा है कि इस दौरान गया, जहानाबद, सारण, सीवान, कैमूर, रोहतास, बक्सर, पटना, गया, औरंगाबाद समेत प्रदेश के दक्षिण–पश्चिम भागों में कई स्थानों पर लू चलने की संभावना है। इसे लेकर लोगों से सावधानी बरतने की अपील की गई है। इधर, केन्द्र सरकार ने सभी कंपनियों और नियोक्ताओं के लिए परामर्श जारी कर मजदुरों की लू से सुरक्षा की उपाय करने को कहा है।

———————————————————————

अठारह सौ सत्तावन की क्रांति के नायक बाबू वीर कुंवर सिंह के विजयोत्सव–शौर्य दिवस के अवसर पर वायु सेना की सूर्य किरण टीम ने पटना में दो दिवसीय एयरोबैटिक– एयर शो के अंतिम दिन हैरतअंगेज कारनामों का प्रदर्शन किया। बिहार में पहली बार इस तरह का आयोजन हुआ। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और केंद्रीय

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने पटना में जेपी गंगा पथ पर आयोजित इस एयर–शो का उद्घाटन किया। एयर शो में शामिल नौ ट्रेनर जेट विमानों ने कई रोमांचकारी हवाई करतब दिखाए, जिसने दर्शकों को मंत्र–मुग्ध कर दिया। जेट विमानों की टीम ने सटीक कॉम्बीनेशन में उड़ते हुए डायमंड, एयरो हेड और वी फॉर्मेशन बनाया। पैराग्लाइडिंग टीम ने भी अपने हवाई करतबों से लोगों को रोमांचित किया। कार्यक्रम को देखने के लिए सभ्यता द्वार पर बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। इसके अलावा लोगों ने अपने घरों की छतों से भी एयर–शो का आनंद लिया।

———————————————————

बाबू वीरकुंवर सिंह के विजयोत्सव के अवसर पर भोजपुर जिला मुख्यालय आरा के कुंवर सिंह पार्क और जगदीशपुर किला में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर स्थानीय सांसद सुदामा प्रसाद, पद्म श्री भीम सिंह भवेश समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। पोप फ्रांसिस के निधन पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय शोक की घोषणा के कारण इस वर्ष राजकीय समारोह सादे ढंग से मनाया गया।

———————————————————

अररिया जिले में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जिले के अलग–अलग थाना क्षेत्रों में छापेमारी कर पुलिस ने पैंतालीस वांछित और फरार अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————

पश्चिम चंपारण जिले के बगहा अनुमंडल कार्यालय परिसर में आज से तीन दिवसीय पासपोर्ट शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

———————————————————

शेखपुरा जिले के सहनौरा रेलवे गुमटी के पास मुख्य मार्ग पर एक मोटरसाइकिल सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई। इस दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई जबकि दो अन्य युवक घायल हो गए।

———————————————————

अरवल जिले के विभिन्न प्रखंडो में अट्ठाईस अप्रैल से छह मई तक रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा है।

———————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।